Headline: - Manipur's health professionals learn modern hospital design techniques: Week-long management development program provides training on hospital infrastructure and operations

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
20 November, 2025	**Dainik Bhaskar (online)**	All



दैनिक भास्कर

होम | वीडियो | सर्च | वेब स्टोरीज | ई-पेपर

- टॉप न्यूज़
- राज्य-शहर
- बिहार चुनाव
- भास्कर खास
- क्रिकेट
- DB ओरिजिनल
- स्पोर्ट्स
- बॉलीवुड
- जॉब - एजुकेशन
- बिजनेस
- लाइफस्टाइल
- जीवन मंत्र

Hindi News / Local / Rajasthan / Jaipur / Health Professionals From Manipur Learn Modern Hospital Design Techniques

मणिपुर के हेल्थ-प्रोफेशनल्स ने सीखी आधुनिक हॉस्पिटल डिजाइन की तकनीकें: सप्ताहभर चले मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में अस्पताल इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऑपरेशन पर मिली ट्रेनिंग

जयपुर 26 मिनट पहले

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में आयोजित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) में मणिपुर के हेल्थ प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया।

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में आयोजित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) में मणिपुर के हेल्थ प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम ने पूर्वोत्तर राज्यों में हेल्थकेयर मैनेजमेंट प्रैक्टिस को मजबूत करने की बढ़ती पहल को दर्शाया। यह सप्ताहभर का एमडीपी प्रतिभागियों को आधुनिक अस्पताल अवसंरचना, कुशल प्रबंधन और रोगी-केंद्रित सुविधाओं की समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया था।

कार्यक्रम में हॉस्पिटल प्लानिंग, डिजाइन और ऑपरेशन मैनेजमेंट के अहम पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कार्यक्षमता बढ़ाने, रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थाई एवं स्मार्ट हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की आधुनिक तकनीकों पर विशेष फोकस रहा।

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि भारत के तेजी से विस्तार करते हेल्थ सेक्टर में तकनीक-सक्षम और रोगी-अनुकूल अस्पतालों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अस्पताल प्लानिंग और डिजाइन का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हेल्थकेयर इंडस्ट्री आगे बढ़ रही है, हमें ऐसे मैनेजमेंट और तकनीकी विशेषज्ञों की जरूरत है जो इस बदलाव को दिशा दे सकें। एमडीपी जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

एमडीपी का नेतृत्व डॉ. सोडानी के साथ राजस्थान सरकार के पूर्व निदेशक (आरसीएच) एवं अस्पताल योजना विशेषज्ञ डॉ. जी.एस. राणावत ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के कई वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने भी प्रशिक्षण सत्र लिए, जिनमें डॉ. (कर्नल) महेंद्र कुमार, प्रोफेसर एवं प्रॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन, डॉ. संदेश कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. सुस्मित जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, संचालन प्रबंधन, डॉ. सुमेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, वित्तीय प्रबंधन (आईआईएचएमआर दिल्ली), डॉ. अल्ताफ यूसुफ मीर, एसोसिएट प्रोफेसर, अस्पताल योजना (आईआईएचएमआर दिल्ली शामिल थे।

प्रतिभागियों ने बताया कि कार्यक्रम ने उन्हें अस्पताल डिजाइन की नवीनतम तकनीकों, आपातकालीन सेवाओं की प्लानिंग, टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन और संसाधनों के बेहतर उपयोग की गहरी समझ प्रदान की। यूनिवर्सिटी का यह प्रयास पूर्वोत्तर क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के विकास और आधुनिक अस्पताल प्रबंधन के लिए बड़ी पहल माना जा रहा है।